प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 28.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– मुख्यमंत्री ने आज जशपुर जिले में कृषि क्रांति अभियान के तहत एग्री–हॉर्टी एक्सपो और क्रेता–विक्रेता सम्मेलन का वर्चुअल शुभारंभ किया।

2– बीजापुर जिले में तेईस लाख रूपए के इनामी तेरह हार्डकोर माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण–नारायणपुर जिले में पांच लाख रूपए का इनामी माओवादी गिरफ्तार।

3– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

4– प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**एग्री–हॉर्टी एक्सपो–शुभारंभ**

________मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले में बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से कृषि क्रांति अभियान के तहत एग्री–हॉर्टी एक्सपो और क्रेता–विक्रेता सम्मेलन का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषकों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित है। नई तकनीक के जरिए किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जशपुर के कृषि विकास के इतिहास में आज का दिन मील का पत्थर साबित होने वाला है। यहां से कृषि क्रांति अभियान की शुरूआत हो रही है।

गौरतलब है कि दो दिनों तक चलने वाले एग्री–हॉर्टी एक्सपो और क्रेता–विक्रेता सम्मेलन में देश कई प्रमुख कृषि कंपनियां शामिल हो रही हैं। सम्मेलन में किसानों को उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। वहीं, इन कंपनियों के माध्यम से किसान एफपीओ के जरिए अपनी उपज का उचित मूल्य हासिल करने के लिए फसल विक्रय अनुबंध कर सकेंगे। इससे बिचौलिया प्रथा समाप्त होगी और किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य मिलेगा।

वहीं, मुख्यमंत्री ने तपकरा में तहसील कार्यालय और कार्यपालिक दंडाधिकारी कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री साय ने तपकरा को नगर पंचायत बनाने, खेल स्टेडियम के सौंदर्यीकरण के लिए पचास लाख रूपए देने और फरसाबहार में विश्राम गृह निर्माण करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कांसाबेल विकासखंड के बगिया हाई स्कूल में सम्पर्क स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर जशपुर के पचास प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए सम्पर्क स्मार्ट किट और टीवी का वितरण किया गया।

## केन्द्र सरकार—खंडन

केन्द्र सरकार ने इन दावों का खंडन किया है कि सरकार खेतीबाड़ी के लिए प्रयुक्त जल पर कर लगाने की योजना बना रही है। जल शक्ति मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कर लगाए जाने से जुड़ी ऐसी तमाम अफवाहें निराधार और असत्य हैं। मंत्रालय के अनुसार, किसानों पर जल उपयोग के लिए शुल्क लगाने का न तो कोई प्रावधान है और न ही सरकार की ओर से ऐसा कोई निर्देश है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कृषि और जल—दोनों ही राज्य के विषय हैं और इन पर किसी भी प्रकार का शुल्क लगाया जाना राज्य के अधिकार—क्षेत्र में आता है।

## केन्द्र—कृषि वानिकी

केन्द्र सरकार ने कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम जारी किए हैं। इनका उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करना, वनों के बाहर पेड़ों की संख्या बढ़ाना और जलवायु परिवर्तन को रोकना, लकड़ी के आयात को कम करना और भूमि के समावेशी उपयोग को सुनिश्चित करना है। पर्यावरण मंत्रालय ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में कहा है कि इनका उद्देश्य कृषि वानिकी में व्यवसाय करने की सुगमता को बढ़ावा देना है। यह नियम किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियागत बाधाओं के अपनी फसलों में पेड़ों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

मॉडल नियमों के अनुसार, लकड़ी आधारित उद्योग दिशा—निर्देश के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति इन नियमों के लिए भी समिति के रूप में कार्य करेगी। इसमें अब राजस्व और कृषि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे। समिति राज्य सरकार को कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के विषय में सलाह देगी। जिसमें पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाना, कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाना, विशेषकर वाणिज्यिक मूल्य वाली प्रजातियों से संबंधित विषय शामिल होंगे।

## माओवादी—आत्मसर्मपण

बीजापुर जिले में कल तेईस लाख रूपए के इनामी तेरह हार्डकोर माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें आठ महिलाएं शामिल हैं। इन माओवादियों में से दस पर एक—एक लाख, एक महिला माओवादी पर आठ लाख और एक अन्य माओवादी पर पांच लाख रूपए का इनाम घोषित था। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों पर फायरिंग, आईईडी विस्फोट, आगजनी और हत्या जैसी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि माओवादियों का आत्मसमर्पण राज्य सरकार की पुनर्वास नीति और नियद नेल्लानार योजना का प्रभाव है। योजनाओं के माध्यम से माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विश्वास का वातावरण निर्मित हुआ है।

उधर, नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों की टीम ने पांच लाख रूपए के एक इनामी माओवादी को गिरफ्तार किया है, जिसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस माओवादी पर हत्या, आईईडी विस्फोट जैसे कई अपराधों में शामिल रहने का आरोप है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तेईसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू—ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## संविधान हत्या दिवस

पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को देशभर में इमरजेंसी यानी आपातकाल लागू किया गया था। इस दौरान विपक्षी पार्टियों के अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया, जिन्हें मीसाबंदी कहा जाता है। आपातकाल के विरोध में देशभर में पच्चीस जून को संविधान हत्या दिवस मनाया गया। भिलाई के मनोज कुमार विशाल ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि आपातकाल के समय भय का माहौल था।

## पटवारी–आत्महत्या

भारतमाला प्रोजेक्ट फर्जीवाड़ा मामले में बिलासपुर जिले के निलंबित पटवारी सुरेश शर्मा ने कल ग्राम जोंकी के एक फार्महाउस में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी जेब से दो अलग–अलग सुसाइड नोट मिले हैं, जिसमें उन्होंने अपने आपको निर्दोष बताया है। फिलहाल सकरी पुलिस सुसाइड नोट को जब्त कर मामले की जांच कर रही है।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने निलंबित पटवारी के आत्महत्या मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस मामले की सीबीआई या हाईकोर्ट के जज की निगरानी में जांच होनी चाहिए।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''कोरबा''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## मौसम

### और अब पेश है मौसम का हाल....

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण–पश्चिम बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र पर ऊपरी हवा में एक चक्रवाती चक्रवात बना हुआ है, जिसके असर से बदली–बारिश की स्थिति बनी हुई है। आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल में ऑटोमेटेड पार्किंग की शुरुआत हो चुकी है। इस सिस्टम से अब पार्किंग एंट्री पर स्वचालित सिस्टम से पर्ची निकलेगी, जिसमें वाहन का नंबर और प्रवेश का समय स्वतः अंकित रहेगा।

– बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के कसडोल क्षेत्र में शेयर बाजार में निवेश कर रकम दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रूपए की ठगी करने वाले गिरोह के दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

– बिलासपुर जिले के ग्राम पंधी में पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे मां–बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई।

– रायपुर जिले के मंदिर हसौद स्थित एक गद्दा फैक्ट्री में बीती रात भीषण आग लग गई। इस हादसे में फैक्ट्री के भीतर काम कर रहे एक कर्मचारी की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>